तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	शेराराम **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर जोधपुर ग्रामीण)** सू.अ. अपील संख्या 160/2024	
26/11/2024	अपीलार्थी शेराराम निवासी उगुणा बास, मथानियां, तहसील तिंवरी, जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 29.08.2024 को जोधपुर–फलौदी राजमार्ग पर टोल संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर जोधपुर ग्रामीण) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर जोधपुर ग्रामीण) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर–द्वितीय, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 539 दिनांक 11.11.2024 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा आवेदन पत्र में चाही गई सूचना का संधारण कार्यालय में नही किया जता है और ना ही कार्यालय से संबंधित है, इस कारण आवेदन पत्र खारिज कर निस्तारित किया गया जिसकी सूचना प्रार्थी को पत्र दिनांक 10.09.2024 से प्रेषित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.2? ?7:59:06 IST
Reason: Approved

Ref No.: 12034628